**Series #CDBA**

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **109**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन

# DESIGN THINKING & INNOVATION

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **50***




ZOLLEGE

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं जो कि दो खण्डों में विभाजित है – खण्ड **अ** और खण्ड **ब** ।*

*(iii)* *खण्ड-**अ** में वस्तुपरक प्रश्न हैं तथा खण्ड-**ब** में विषयपरक प्रश्न शामिल हैं ।*

*(iv)* *दिये गए **(5 + 17 =) 22** प्रश्नों में से, प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित (अधिकतम) समय **2** घंटे में **(5 + 10 =) 15** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी भी खण्ड विशेष के उत्तर सही क्रम में लिखे जाएँ ।*

*(vi)* ***खण्ड-अ : वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न (24 अंक)***

*(a)* *इस खण्ड में **05** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर लिखें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने दिए गए हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड-ब : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (26 अंक)***

*(a)* *इस खण्ड में **17** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *प्रत्येक विद्यार्थी को **10** प्रश्न हल करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर लिखें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने दिए गए हैं ।*

## खण्ड – अ

## (वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न)

1. रोज़गार योग्यता कौशल पर दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **4 × 1 = 4**

(i) भारत में दाढ़ी या मूँछों को पुरुषत्व का लक्षण माना जाता है, परंतु कुछ अन्य देशों में इसे अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता क्योंकि वे इसे निम्न सौन्दर्य स्तर मानते हैं । इसे यह माना जा सकता है : **1**

(a) शारीरिक बाधा (b) सांस्कृतिक बाधा

(c) भाषाई बाधा (d) अंतर्वैयक्तिक बाधा



ZOLLEGE

## General Instructions :

*(1)* *Please read the instructions carefully.*

*(2)* *This Question Paper consists of **22** questions in two sections : Section **A** & Section **B**.*

*(3)* *Section **A** has Objective type questions whereas Section **B** contains Subjective type questions.*

*(4)* *Out of the given **(5 + 17 =) 22** questions, a candidate has to answer **(5 + 10 =) 15** questions in the allotted (maximum) time of **2** hours.*

*(5)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(6)* ***Section A : Objective Type Questions (24 Marks)***

- *(i)* *This section has **05** questions.*
- *(ii)* *There is no negative marking.*
- *(iii)* *Do as per the instructions given.*
- *(iv)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(7)* ***Section B : Subjective Type Questions (26 Marks)***

- *(i)* *This section has **17** questions.*
- *(ii)* *A candidate has to do **10** questions.*
- *(iii)* *Do as per the instructions given.*
- *(iv)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION – A
### (Objective Type Questions)

1. Answer any **4** out of the given **6** questions on employability skills. **4 × 1 = 4**

(i) Beard or moustache is considered a sign of masculinity in India, but it is frowned upon in other countries as they think it indicates low beauty standards. This can be considered as : **1**

(a) Physical Barrier (b) Cultural Barrier

(c) Linguistic Barrier (d) Interpersonal Barrier



ZOLLEGE

(ii) आपकी जानकारी के बिना आपके कम्प्यूटर से आपकी व्यक्तिगत सूचना चुराने को कहा जाता है : 1

(a) खतरा (Threats) (b) उल्लंघन/भंग (Breach)

(c) गोपनीयता (Privacy) (d) चोरी (Stealing)

(iii) नेहा कक्षा 10 की छात्रा है जो नृत्य की शौकीन है, परंतु वह नृत्य सीखने के लिये कोई पेशेवर शिक्षण प्राप्त नहीं करती है । एक दिन विद्यालय से घर आते समय उसने सड़क के पास आयोजित खुली नृत्य प्रतियोगिता देखी । अपनी रुचि के कारण उसने इसमें भाग लिया और नृत्य में भाग लेने वाले शीर्षस्थ पाँच प्रतियोगियों में स्थान पाया और उसे पुरस्कार भी दिया गया । इससे उसे काफ़ी अधिक प्रेरणा मिली और उसने नृत्य की कक्षा में अपना नामांकन करवाया । अब वह नृत्य को अपनी जीवनवृत्ति (Career) बनाने की सोच रही है । 1

उपर्युक्त उदाहरण किस प्रकार के अभिप्रेरण को प्रदर्शित करता है ?

(a) आंतरिक (b) बाह्य

(c) बलात/जबर्दस्ती (d) (a) और (b) दोनों

(iv) हरित कौशल अभिग्रहण के माध्यम से उचित कार्य के अवसर बढ़ाने और व्यक्तियों को सशक्त बनाकर कौन सा सतत/सुदीर्घ विकास लक्ष्य (SDG), संपूर्ण और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर देता है ? 1

(a) SDG 4 : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

(b) SDG 8 : उचित कार्य और आर्थिक विकास

(c) SDG 13 : जलवायु कार्य

(d) SDG 12 : उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग और उत्पादन

(v) कक्षा 10 के एक छात्र सनत ने अंग्रेजी अध्यापक बनने की योजना बनाई है । अपनी कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उसे कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । उसके बाद, उसे स्नातक (ग्रेजुएट), स्नातकोत्तर (मास्टर्स), डॉक्टरेट और बी.एड. (शिक्षा स्नातक) भी उत्तीर्ण करने होंगे । उसने पहले ही उस संस्थान को चुन लिया जहाँ वह अगले 10–12 वर्षों के लिए अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाएगा । यह लक्ष्य क्या प्रदर्शित करता है ? 1

(a) विशिष्ट, गौर करने लायक, प्राप्त होने योग्य, संगत, समयबद्ध

(b) विशिष्ट, साधारण, प्राप्त करने योग्य, संगत, समयबद्ध

(c) विशिष्ट, गौर करने योग्य, सक्रिय, संगत, समयबद्ध

(d) अल्पकालिक, गौर करने योग्य, प्राप्त करने योग्य, संगत, समयबद्ध



ZOLLEGE

(ii) Stealing of your personal information from your computer, without your knowledge, is known as : 1

(a) Threats (b) Breach

(c) Privacy (d) Stealing

(iii) Neha is a student of class X who loves to dance but does not take any professional tuition to learn dancing. One day while returning home from school, she saw an open air dance competition being held at the roadside. She participated out of interest and eventually secured her place in the top five among the participants and got rewarded as well. This motivated her greatly and she enrolled herself into a dance class. Now she thinks to take dancing as her career. 1

The above example signifies which type of motivation ?

(a) Internal (b) External

(c) Forcive (d) Both (a) and (b)

(iv) Which Sustainable Development Goal (SDG) focuses on promoting inclusive and sustainable economic growth by enhancing opportunities for decent work and empowering individuals through the acquisition of green skills ? 1

(a) SDG 4 : Quality Education

(b) SDG 8 : Decent work and Economic Growth

(c) SDG 13 : Climate Action

(d) SDG 12 : Responsible Consumption and Production

(v) Sanat, a student of Class X, has made plans to become an English teacher. After passing his class X examination, he has to pass class XII. After that, he needs to Graduate and do his Masters as well as his Doctoral thesis and B.Ed. He has already chosen the institution where he will pursue his academic goals for the next 10-12 years. What does this goal signify ? 1

(a) Specific, Measurable, Achievable, Relevant, Time-bound.

(b) Specific, Modest, Achievable, Relevant, Time-bound.

(c) Specific, Measurable, Active, Relevant, Time-bound.

(d) Short, Measurable, Achievable, Relevant, Time-bound.



ZOLLEGE

(vi) प्रिया जोखिम से बचना चाहती है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थायित्व (दृढ़ता) को अधिक महत्त्व देती है।

राहुल एक निश्चित दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है और अधिकतर परिवर्तन या नये प्रयासों का विरोध करता है।

कविता अनुकूलन, परिवर्तनों और नये विचारों को आसानी से अपनाने को प्रदर्शित करती है।

अर्जुन जोखिम पसंद नहीं करता और यथास्थिति को बदलने वाले किसी भी प्रयास से बचना चाहता है।

उपर्युक्त व्यक्तियों में से किसका दृष्टिकोण एक सफल उद्यमी से संबद्ध विशिष्ट गुणों से अधिक मेल खाता हैं ? **1**

(a) प्रिया (b) राहुल

(c) कविता (d) अर्जुन

2. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 × 1 = 5**

(i) निम्नलिखित में से कौन फ्लिपबुक ऐनिमेशन (Flipbook Animation) का दूसरा नाम है ?

(a) पिक्सिलेशन (Pixilation)

(b) स्क्वॉश और स्ट्रैच (Squash and Stretch)

(c) स्ट्रेट अहेड ऐनिमेशन (Straight Ahead Animation)

(d) स्टॉप मोशन ऐनिमेशन (Stop Motion Animation)

(ii) पॉप-अप कार्ड्स (pop-up cards) में विभिन्न रूपों, दृश्यों (चित्रों) या डिजाइनों को तैयार करने और पारंपरिक कार्ड्स में कोई अंतरसक्रिय (interactive) और आँखों को अच्छे लगने वाले रूप जोड़ने के विशिष्ट रूप से लिफ्ट (lift), फोल्ड (fold) या pop-up सेक्शन होते हैं। जन्मदिन, अवकाश जैसे विशेष अवसरों या संदेश भेजने के अनोखे तरीकों के लिये आमतौर पर इनका प्रयोग किया जाता है। पॉप-अप कार्ड (pop-up card) ________ का एक उदाहरण है। **1**

(a) प्रोटोटाइप के रूप में दृश्यावली

(b) प्रोटोटाइप के रूप में एनीमेटिक्स (Animatics)

(c) पेपर प्रोटोटाइप

(d) 3D फॉर्म प्रोटोटाइप

(iii) किसी कहानी (story) में, कालक्रम (chronology), किस संरचना (structure) का हिस्सा है ? **1**

(a) आख्यान (Narrative) (b) प्रारंभ (Beginning)

(c) समानांतर (Parallel) (d) पराकाष्ठा (Climax)



ZOLLEGE

(vi) Priya tends to avoid risk and prefers stability in decision-making processes.

Rahul demonstrates a fixed mindset, often resisting change or new approaches.

Kavita showcases adaptability, readily embracing changes and new ideas.

Arjun is risk – averse and avoids any initiatives that might challenge the status quo.

Among above individuals, whose approach aligns more with the qualities typically associated with a successful entrepreneur ? **1**

(a) Priya (b) Rahul

(c) Kavita (d) Arjun

2. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) Which of the following is another name for Flipbook Animation ? **1**

(a) Pixilation

(b) Squash and Stretch

(c) Straight Ahead Animation

(d) Stop Motion Animation

(ii) Pop-up cards typically have sections that lift, fold, or “pop up” to create various shapes, scenes, or designs, adding an interactive and visually appealing aspect to the traditional card. They are commonly used for special occasions like birthdays, holidays, or as unique ways to convey messages. A pop up card is an example of : **1**

(a) Scenario as Prototype (b) Animatics as Prototype

(c) Paper Prototype (d) 3D form Prototype

(iii) Chronology, in a story, is a part of which structure ? **1**

(a) Narrative (b) Beginning

(c) Parallel (d) Climax



ZOLLEGE

(iv) निम्नलिखित वर्णित चार समूहों में से एक सबसे सटीक प्रभावशाली संप्रेक्षण के 7′C को चुनिए : 1

(a) Clarity (स्पष्टता) – Correctness (यथार्थता) – Conciseness (संक्षिप्तता) – Courtesy (नम्रता) – Concreteness (स्थूलता) – Consideration (सोच-विचार) – Completeness (पूर्णता)

(b) Clarity (स्पष्टता) – Correctness (यथार्थता) – Conciseness (संक्षिप्तता) – Courtesy (नम्रता) – Cleanliness (स्वच्छता) – Consideration (सोच-विचार) – Completeness (पूर्णता)

(c) Clarity (स्पष्टता) – Correctness (यथार्थता) – Conciseness (संक्षिप्तता) – Creativity (सृजनात्मकता) – Concreteness (स्थूलता) – Consideration (सोच-विचार) – Completeness (पूर्णता)

(d) Clarity (स्पष्टता) – Correctness (यथार्थता) – Conciseness (संक्षिप्तता) – Courtesy (नम्रता) – Concreteness (स्थूलता) – Consideration (सोच-विचार) – Cooperation (सहकारिता)

(v) पारंपरिक चित्रण (traditional sketching) से सृजनात्मक अक्षरांकन (Creative doodling) किस प्रकार भिन्न है ? 1

(a) बारीक लाइनें और रूप-आकार

(b) व्यापक शेडिंग (shading) और कलरिंग

(c) संरचनात्मक और सुनियोजित पद्धति (approach)

(d) स्वतंत्र प्रवाह और स्वतः अभिव्यक्ति (Free-flowing and spontaneous expression)

(vi) आपकी माताजी ने मध्याह्न भोजन (lunch) के लिये दाल पकाई । शाम खत्म होने तक भी काफ़ी दाल बच गई थी । अतः उन्होंने लंच में बची दाल का उपयोग करते हुए रात्रि भोजन में दाल पूड़ी बनाने का निर्णय लिया । यह ________ का एक उदाहरण है । 1

(a) सतत वनसंवर्धन (Sustainable forestry) (b) सतत कृषि (Sustainable agriculture)

(c) शून्य अपशिष्ट (Zero waste) (d) जल प्रबंधन (Water management)

3. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 1 = 5**

(i) SCAMPER का पूर्ण अर्थ है : 1

(a) Substitute (प्रतिस्थापना), Combine (सम्मिलन), Adapt (धारण करना/अंगीकृत), Modify (बदलना/रूपांतरित करना), Put to another use (विकल्परूपी उपयोग), Estimate (आकलन) और Reason (कारण)

(b) Substitute (प्रतिस्थापना), Combine (सम्मिलन), Act (कार्य), Modify (बदलना/रूपांतरित करना), Put to another use (विकल्परूपी उपयोग), Estimate (आकलन) और Reason (कारण)

(c) Substitute (प्रतिस्थापना), Combine (सम्मिलन), Adapt (धारण करना/अंगीकृत), Modify (बदलना/रूपांतरित करना), Put to another use (विकल्परूपी उपयोग), Elaborate (सुपरिष्कृत) और Reason (कारण)

(d) Substitute (प्रतिस्थापना), Combine (सम्मिलन), Adapt (धारण करना/अंगीकृत), Moral (नैतिक), Put to another use (विकल्परूपी उपयोग), Estimate (आकलन) और Reason (कारण)



Z0LLEGE

(iv) Choose the most appropriate & correct one among the four sets of 7C's of effective communication : **1**

(a) Clarity – Correctness – Conciseness – Courtesy – Concreteness – Consideration – Completeness

(b) Clarity – Correctness – Conciseness – Courtesy – Cleanliness – Consideration – Completeness

(c) Clarity – Correctness – Conciseness – Creativity – Concreteness – Consideration – Completeness

(d) Clarity – Correctness – Conciseness – Courtesy – Concreteness – Consideration – Cooperation

(v) What distinguishes creative doodling from traditional sketching ? **1**

(a) Precise line and shapes

(b) Detailed shading and colouring

(c) Structural and planned approach

(d) Free-flowing and spontaneous expression

(vi) Your mother cooked *dal* for the lunch. By the end of the evening, still a lot of *dal* was left out. So she decided to make *dal-poori* for dinner, reusing the same *dal* from the lunch. This is an example of : **1**

(a) Sustainable forestry (b) Sustainable agriculture

(c) Zero waste (d) Water Management

3. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) SCAMPER stands for : **1**

(a) Substitute, Combine, Adapt, Modify, Put to another use, Estimate and Reason.

(b) Substitute, Combine, Act, Modify, Put to another use, Estimate and Reason

(c) Substitute, Combine, Adapt, Modify, Put to another use, Elaborate and Reason.

(d) Substitute, Combine, Adapt, Moral, Put to another use, Estimate and Reason.



ZOLLEGE

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा परिदृश्य सस्टेनेबल प्रोडक्ट रिडिजाइन (sustainable product redesign) का एक उदाहरण प्रस्तुत करता है ? 1

(a) टिकाऊपन बढ़ाने के लिए किसी उत्पाद में प्लास्टिक की अधिक पैकिंग पर्तें बनाना ।

(b) पर्यावरणिक प्रभाव पर विचार न करते हुए अतिरिक्त विशेषता वाला नया उत्पाद बनाना ।

(c) पुनः प्रयोग में लाई जाने वाली सामग्री का उपयोग करके और आसानी से मरम्मत योग्य बनाने के लिये स्मार्टफोन को फिर से डिजाइन करना ।

(d) पर्यावरणिक चिंताओं के बावजूद भी उत्पादों के निर्माण में दुबारा प्रयोग न हो सकने वाली (non-recyclable) सामग्रियों का उपयोग जारी रखना ।

(iii) मौखिक संवाद कौशल सुधारने के लिये __________ एक प्रभावशाली उपाय नहीं है । 1

(a) सक्रिय श्रवण

(b) स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से बोलना

(c) स्पष्टीकरण के लिये पूछना

(d) बातचीत के बीच में ही प्रश्न पूछना

(iv) महाभारत महाकाव्य में शकुनि नामक पात्र ने __________ की भूमिका अदा की । 1

(a) नायक/मुख्य पात्र (Protagonist)

(b) विरोधी/प्रतिद्वंदी (Antagonist)

(c) विश्वास पात्र (Confidante)

(d) प्रेम/स्नेह (Affection/Affectionate)

(v) आपका विद्यालय विपणन (marketing) उद्देश्यों के लिये अपने पाठ्यक्रम की विशेषताओं और लाभों के बारे में एक डॉक्यूमेंटरी (वृत्त चित्र) बना रहा है । डॉक्यूमेंटरी का शीर्षक ग्राफिक्स बनाने के लिए आप, निम्नलिखित सुझावों में से किस एक का, उपयोग करने की सलाह देंगे ? 1

(a) पिक्सिलेशन (Pixilation)

(b) कट आउट ऐनिमेशन (Cutout Animation)

(c) मोशन ग्राफिक्स (Motion Graphics)

(d) कैरेक्टर डिज़ाइन (Character Design)

(vi) सजीव चित्रण (Animatics) के सृजन और उपयोग में आमतौर पर प्रयुक्त डिज़ाइन प्रक्रिया के सटीक स्तर को निम्नलिखित में से चुनिए : 1

(a) विचार

(b) प्रोटोटाइपिंग

(c) मूल्यांकन

(d) कार्यान्वयन



ZOLLEGE

(ii) Which of the following scenario represents an example of sustainable product redesign ? 1

(a) Adding more plastic packaging layers to a product to enhance its durability.

(b) Introducing a new product version with extra features without considering environmental impact.

(c) Redesigning a smartphone to use recycled materials and be more easily repairable.

(d) Continuing the use of non-recyclable materials in product manufacturing despite environmental concerns.

(iii) __________ is not an effective way to improve verbal communication skills. 1

(a) Active listening

(b) Speaking clearly and concisely

(c) Asking for clarification

(d) Asking questions in the middle of conversation

(iv) In the epic of Mahabharata, a character named Shakuni played the role of : 1

(a) Protagonist (b) Antagonist

(c) Confidante (d) Affection (Affectionate)

(v) Your school is making a documentary about the features and benefits of its curriculum for marketing purpose. Which amongst the following option, will you suggest to use to create title graphics of the documentary ? 1

(a) Pixilation (b) Cutout Animation

(c) Motion Graphics (d) Character Design

(vi) Choose the correct stage of the design process usually involving the creation and utilization of animatics ? 1

(a) Ideation (b) Prototyping

(c) Evaluation (d) Implementation



ZOLLEGE

4. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 1 = 5**

(i) खेती और पशुपालन का कार्य 5000 से 3000 के वर्षों में किया गया था । इस समयावधि की पहचान कीजिए । **1**

(a) शिकारी-संग्रहक (Hunter gatherer) (b) गुप्त राजवंश

(c) औद्योगिक युग (d) सिंधु घाटी सभ्यता

(ii) निम्नलिखित में से किसमें सृजनशीलता को बढ़ाने में सृजनात्मक कला आदान-प्रदान की अवधारणा का सबसे अच्छा उल्लेख किया गया है ? **1**

(a) इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों के कलाकारों के बीच कलात्मक विचारों, तकनीकों और अनुभवों के सहयोग एवं साझेदारी का उल्लेख किया जाता है ।

(b) यह कलाकारों के बीच ऐसे नवीन कार्यों को बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा पर जोर देता है जो क्षेत्र में दूसरों से अलग है ।

(c) यह बाहरी प्रभावों या सहयोग (सहकार्यता) की उपेक्षा करते हुए कला-सृजन के प्रति वैयक्तिक प्रयासों पर प्रकाश डालता है ।

(d) यह कलात्मक अभिव्यक्ति पर वित्तीय लाभ को बढ़ावा देते हुए नीलामी और बिक्री के माध्यम से कलात्मक कार्यों के वाणिज्यीकरण पर ध्यान केन्द्रित करता है ।

(iii) हाथ मिलाना, सिर झुकाना, नमस्ते कहना यह संवाद या संप्रेषण के किस प्रकार के विभिन्न रूप हैं ? **1**

(a) संकेतात्मक (b) मौखिक

(c) दृष्टि संबंधी (d) मौलिक

(iv) **अभिकथन (A)** : पाठकों को कथावस्तु किस तरह प्रदर्शित की जाती है यह कहानी की कथ्यात्मकता है ।

**तर्क (R)** : पाठक की रुचि बनाये रखने के लिये यह किया जाता है । **1**

(a) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण तर्क (R) नहीं है ।

(b) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) गलत है ।

(c) अभिकथन (A) सही नहीं है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

(d) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण तर्क (R) है ।



ZOLLEGE

4. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) Cultivation of crops as well as rearing of animals was done in the period 5000 to 3000 years age. Identify the time period. **1**

(a) Hunter – gatherer

(b) Gupta Dynasty

(c) Industrial Age

(d) Indus Valley Civilization

(ii) Which of the following best describes the concept of creative art exchange in fostering creativity ? **1**

(a) It refers to the collaboration and sharing of artistic ideas, techniques and experiences among artists from diverse backgrounds.

(b) It emphasizes competition among artists to create innovative works that stand out from others in the field.

(c) It highlights the individualistic approach to art creation, disregarding external influences or collaborations.

(d) It focuses on commercializing artworks through auctions and sales, promoting financial gain over artistic expression.

(iii) Shaking Hand, Bowing, Namaste – these are different forms of which type of communication ? **1**

(a) Gestural (b) Verbal

(c) Visual (d) Fundamental

(iv) **Assertion (A) :** Narrative structure of a story is how the plot is revealed to the reader.

**Reason (R) :** This is done to maintain the interest of the reader. **1**

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(b) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(c) Assertion (A) is not correct, but Reason (R) is correct.

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).



ZOLLEGE

(v) कहानी कहने में कैरेक्टर डिजाइन (character design) के प्राथमिक उद्देश्य को बताने के लिए निम्नलिखित सुझावों में से आपके अनुसार सबसे सटीक सुझाव कौन सा है ? **1**

(a) पृष्ठभूमि दृश्य (background visual) को बढ़ाना ।

(b) श्रोताओं के साथ भावनात्मक संबंध बनाना ।

(c) जटिल परिदृश्यों को चित्रित करना ।

(d) कथानक में टाइपोग्राफी का पता लगाना ।

(vi) डिजाइन प्रोटोटाइप से अन्य दृश्यावली (scenario) की अलग पहचान कैसे होती है ? **1**

(a) वह विशिष्ट उपयोगकर्ता समूहों तक सीमित हैं ।

(b) वह उपयोगकर्ता के अनुभव के कथ्य (narrative) को क्रमशः शामिल करते हैं ।

(c) वह उपयोगकर्ता के फीडबैक पर विचार नहीं करते ।

(d) उनका उपयोग प्रारंभिक डिजाइन के चरणों में ही किया जाता है ।

5. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 1 = 5**

(i) उछलती गेंद ________ का एक उदाहरण है । **1**

(a) स्क्वॉश और स्ट्रैच (Squash and stretch)

(b) समय और अंतराल (Timing and spacing)

(c) स्टॉप मोशन ऐनिमेशन (Stop motion animation)

(d) क्लेमेशन (Claymation)

(ii) कार्ड बोर्ड की तुलना में निम्नलिखित किन अभिकल्प पहलुओं को मिट्टी त्रिआयामी (3D) आदर्शों के रूप में प्रदर्शित करती है ? **1**

(a) किफायती निर्माण (Economical Manufacturing)

(b) गतिशील पुनरावृत्तीय परीक्षण (Quick Iterative Testing)

(c) संरचनात्मक स्थायित्व (Structural Stability)

(d) सर्फेस फिनिश (Surface Finish)

(iii) निम्नलिखित में से किसका दुबारा उपयोग और पुनर्चक्रण (recycling) किया जा सकता है ? **1**

(a) स्टोर से नये कपड़े खरीदने के बजाय पुराने कपड़ों को काटकर सफाई करने का सामान बनाना ।

(b) रैपिंग पेपर का उपयोग आकर्षक गिफ्ट पैकिंग के लिए करना ।

(c) प्लास्टिक बोतलों का उपयोग पुनः पानी भरने के लिए करना ।

(d) एल्युमिनियम डिब्बों/कैन्स का उपयोग करना ।



ZOLLEGE

(v) Amongst the following options, which according to you is the one best option to identify the primary purpose of character design in story telling. **1**

(a) Enhance background visuals
(b) Create emotional connections with the audience.
(c) Depict complex landscape
(d) Explore typography in narratives.

(vi) What distinguishes a scenario from other design prototypes ? **1**

(a) They are limited to specific user groups.
(b) They involve step-by-step narrative of a user's experience.
(c) They do not consider user feedback.
(d) They are used only in early design phases.

5. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) Bouncing ball is an example of : **1**

(a) Squash and stretch
(b) Timing and spacing
(c) Stop Motion Animation
(d) Claymation

(ii) Clay in 3D prototyping, visualises which of the following design aspects, compared to cardboard ? **1**

(a) Economical Manufacturing
(b) Quick Iterative Testing
(c) Structural Stability
(d) Surface Finish

(iii) Which of these can be reused and recycled ? **1**

(a) Cutting old clothes into cleaning rags rather than purchasing new ones from the store.
(b) Using wrapping papers for attractive gift packing.
(c) Using plastic bottles to refill water.
(d) Using aluminium cans.



ZOLLEGE

(iv) निम्नलिखित में से कौन सृजनात्मकता/सृजनशीलता का एक प्रकार नहीं है ? **1**

(a) इरादतन ज्ञानात्मक सृजनशीलता (Deliberate Cognitive Creativity)

(b) इरादतन भावनात्मक सृजनशीलता (Deliberate Emotional Creativity)

(c) स्वतः ज्ञानात्मक सृजनशीलता (Spontaneous Cognitive Creativity)

(d) इरादतन स्वतः सृजनशीलता (Deliberate Spontaneous Creativity)

(v) लेखक __________ मामले में कालक्रमिक तरीके से बाहर एकाएक समय रेखा से निकलकर कहानी सुनाता है । **1**

(a) कालक्रमिक (Chronological) (b) फ्रेक्चुरल (Fractural)

(c) समरूप (Parallel) (d) घुमा फिराकर (Circular)

(vi) साहित्यिक चोरी है **1**

(a) उचित रूप से आभार व्यक्त किये बिना किसी अन्य के विचारों, शब्दों या कार्य का उपयोग करना ।

(b) मामूली संशोधनों के बाद किसी अन्य के कार्य को दुबारा लिखना ।

(c) किसी अन्य के कार्य को अनुमति के साथ परन्तु बिना उल्लेख (citation) के उद्धृत करना ।

(d) अपने स्वयं के विचारों का उपयोग करना और दावा करना कि वह उसके मूल विचार हैं ।

## खण्ड – ख
## (विषयपरक प्रश्न)

रोज़गार योग्यता कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **20** से **30** शब्दों में दीजिए । **3 × 2 = 6**

6. वैश्विक सतत विकास प्रयत्नों को बाधित करने वाली एक प्राथमिक चुनौती का पता करते हुए संक्षेप में वर्णन कीजिए । **2**



ZOLLEGE

(iv) Which of the following is not a type of creativity ? **1**

(a) Deliberate Cognitive Creativity

(b) Deliberate Emotional Creativity

(c) Spontaneous Cognitive Creativity

(d) Deliberate Spontaneous Creativity

(v) In _________ case, the author tells the story out of chronological order, jumping abruptly through the timeline. **1**

(a) Chronological

(b) Fractural

(c) Parallel

(d) Circular

(vi) Plagiarism is :

(a) Using someone else's ideas, words, or work without proper acknowledgement. **1**

(b) Rewriting someone else's work with minor modifications.

(c) Quoting someone's work with permission but without citation.

(d) Using your own ideas and claiming them as original.

## Section – B

## Subjective Type Questions

Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in **20-30** words : **3 × 2 = 6**

6. Identify and briefly describe one primary challenge hindering global sustainable development efforts. **2**



ZOLLEGE

7. "भारत के उद्यमी" एक रियलिटी टीवी शो है जिसमें देश के उभरते उद्यमी अपने व्यापार मॉडलों को निवेशकों के पैनल के सामने पेश करते हैं और निवेशकों को अपने विचार-उद्यम में निवेश करने के लिए आश्वस्त करने का प्रयत्न करते हैं । उदाहरण के लिये माना आप एक समुदाय आधारित कृषि सहकारिता उद्यमी हैं जिसके पास छोटे स्थानीय किसानों के लिए आधुनिक कृषि उपकरणों, तकनीकों, औजारों और ज्ञान प्रदान करने की योजना है । आपको अपनी योजना "भारत के उद्यमी" में साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है । आपकी सारभूत योजना को व्यक्त करने वाले केवल तीन बिंदुओं (Points) का उल्लेख करते हुए अपनी बात बतायें । **2**

8. अपने डेटा को चोरी और वायरसों से बचाने के लिए वे कौन से उपाय हैं जिनका हम अनुपालन कर सकते हैं ? **2**

9. उन क्षमताओं को बताइये जो कमजोरी का पता लगाने के लिए आवश्यक हैं । **2**

10. गैर-मौखिक (non-verbal) संवाद/संप्रेषण के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों की सूची दीजिए । **2**

दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए और प्रत्येक उत्तर की शब्द संख्या **20** से **30** शब्दों से अधिक न हो । **4 × 2 = 8**

11. किन्हीं चार सतत रणनीतियों (strategies) और प्रौद्योगिकियों को लिखिए । **2**

12. "चमकदार और आकर्षक रंग अधिकांश लोगों को प्रसन्न और आशावादी होने की भावना का अनुभव कराते हैं, जबकि फीके और काले धुंधले रंगों पर आप उदासीनता का अनुभव करते हैं ।" इस पर आपका क्या विचार है और क्यों है ? **2**

13. आपके सामाजिक विज्ञान के अध्यापक ने "आपके इलाके में मलजल निष्कासन प्रणाली (Drainage System) के उपयोग पर" आपकी कक्षा को प्रोजेक्ट के लिये एक शीर्षक दिया है । अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने के लिये आप किन-किन बातों से होकर गुजरेंगे उनका उल्लेख कीजिए । **2**

14. एक कहानी में मुख्यतः चार विशेषतायें होती हैं । कहानी के लिये आवश्यक उन चार विशेषताओं का वर्णन करें । **2**



ZOLLEGE

7. “Entrepreneurs of India” is a Reality TV show where budding entrepreneurs from the country pitch their business models to a panel of investors and try to convince them to invest money in their idea. Suppose you are an entrepreneur with an idea of a community based agricultural cooperative that offers modern farming equipment, techniques, tools and knowledge to small-scale local farmers. You get invited to pitch your idea on “Entrepreneurs of India”. Write your pitch, in not more than three points, that you think will capture the essence of your idea. **2**

8. What are the measures that we can follow to protect our data from theft & viruses ? **2**

9. Identify the abilities that are required to find weakness. **2**

10. List the common mistakes that are made during non-verbal communication. **2**

Answer any **4** out of the given **6** questions in **20-30** words each. **4 × 2 = 8**

11. Write any four sustainable strategies and technologies. **2**

12. “Bright and warm colours make most people feel happy and optimistic, whereas dull and dark colours might make you feel gloomy”. What is your opinion and why ? **2**

13. Your Social Science teacher has given you an idea for your class project, “Usage of Drainage System in your locality”. State the steps that you will have to go through to present your project. **2**

14. A story consists of mainly four characteristics. Explain these four characteristics that a story might need. **2**



ZOLLEGE

15. "एनिमेटिक्स काफी हद तक परिदृश्य प्रतिकृति की तरह होते हैं ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने कारणों को स्पष्ट करें । **2**

16. समझाइए कैसे किसी चरित्र की प्रकृति, व्यक्तित्व, मनोदशा (mood) और भावना को स्थापित करने में "समय" एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । **2**

निम्नलिखित/नीचे दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक उत्तर की शब्द संख्या **50** से **80** शब्दों से अधिक न हो । **3 × 4 = 12**

17. प्रत्येक कहानी के मुख्यतः तीन भाग होते हैं । मुख्यतः इन तीन भागों में "एक लालची किसान और उसका सुनहरा हंस (goose)" जैसी एक कहानी को अपने शब्दों में लिखिए । **4**

18. आपको पूरी कक्षा के सामने एक प्रस्तुतीकरण देने का कार्य दिया गया है । प्रमुख संचार कौशल क्या हैं जिन्हें आपको बनाएँ रखना चाहिये और क्यों ? **4**

19. वर्ष 2016 तक भारत में 1.77 लाख लोग बेघर थे जबकि कई लोगों के पास एक से अधिक घर थे । इतने अधिक बेघर लोगों को स्थान देने के लिए सरकार उनकी मदद की पहल की । भवन निर्माण के लिये काफी अधिक जमीन में वनों और बड़े पेड़ों को काटने की जरूरत पड़ी । इस प्रकार भारत में वनों की कटाई एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है । एक डिजाइन थिंकर के रूप में आप इस समस्या का समाधान कैसे निकालेंगे ? **4**

20. आपके विद्यालय में वार्षिक संगीत उत्सव का आयोजन किया जाता है । आप कुछ अनोखा और स्थायी प्रदर्शित करना चाहते हैं । अतः आपने रोजमर्रा की वस्तुओं को संगीत वाद्ययंत्र के रूप में उपयोग करने के बारे में सोचा । संक्षेप में बताइये कि आप इस उत्सव का संचालन कैसे करने जा रहे हैं, इसके लिये किस प्रकार की वस्तुओं और सामग्रियों की आवश्यकता हो सकती है, इसकी सूची बनाइए । **4**



ZOLLEGE

15. "Animatics is very much like the scenario prototyping." Do you agree with this statement ? Explain your reasons. **2**

16. Explain how "timing" plays a critical role in establishing a character's nature, personality, mood and emotion. **2**

Answer any **3** out of the given below **6** questions in **50-80** words each. **3 × 4 = 12**

17. Every story has mainly three parts. Write a story, in your own words just like a greedy farmer and his golden goose, mainly in these three parts. **4**

18. You have been given an assignment to deliver a presentation in front of the whole class. What are the key communication skills that you should maintain and why ? **4**

19. As of year 2016, 1.77 million people were homeless in India while there were many people with more than one house. In order to accommodate so many homeless people, government had taken initiative to help them. To construct buildings, a large area of forests land and big trees was required to be cleared. In this way, deforestation has become a burning issue in India. As a design thinker, how will you devise a solution to this problem ? **4**

20. Annual Music Festival is organized in your school. You want to showcase something unique and sustainable. So you thought of using everyday items as music instruments. Briefly outline how you are going to conduct this festival, listing the kinds of items and materials you might need for this. **4**



ZOLLEGE

21. "हीरो" वीडियो एक वेबसाइट के शीर्ष पर रखा गया प्रमुख और आकर्षक वीडियो है । इसे विजिटर का ध्यान तुरंत आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है कि आमतौर पर प्रमुख संदेशों, उत्पादों या ब्रांडेड कहानियों को आकर्षित और प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया जा सके । "हीरो" कंपनी के वीडियो का उपयोग एक मजबूत प्रथम प्रभाव बनाने और यूजर्स को साइट (site) पर आगे की सामग्री का पता लगाने और प्रोत्साहित करने के लिये किया जाता है ।

वीडिको (Vidico) एक वीडियो प्रोडक्शन कंपनी है । वे प्रचार उद्देश्य के लिये अन्य कंपनियों के लिये अद्भुत वीडियो बनाने के लिये एनीमेटेड टेक्स्ट (animated text), छवि और अन्य तत्त्वों के रूप में मोशन ग्राफिक्स को शामिल करते हैं । उन्होंने एक अन्य साफ्टवेअर कंपनी इजी एजाइल (Easy Agile) के लिये "हीरो" वीडियो बनाने और निर्मित करने का कार्य लिया, परिणामस्वरूप "हीरो" वीडियो अपनी वेबसाइट पर उद्योग के औसत क्लिक थ्रू रेट (सीटीआर) से चार गुना तक पहुँच गया । अंततः इसने मोशन ग्राफिक्स श्रेणी के लिये वर्ष 2022 में गोल्ड अवार्ड जीता ।

"हीरो" वीडियो द्वारा दर्शाये गये एनीमेशन माध्यम के प्रकार के बारे में संक्षेप में बताइए । आपकी राय में, वीडियो का इतना उल्लेखनीय प्रभाव किस कारण से पड़ा ? 4

22. अटल टिंकरिंग लैब (ATL) देश के चिह्नित स्कूलों में गतिविधि आधारित शिक्षण प्रदान करती है जहाँ युवा दिमाग, सामाजिक समस्याओं के लिये अपने विचारों को आकार दे सकते हैं । छात्र कक्षा की अवधारणाओं को बेहतर और प्रभावी तरीके से सीखने के लिये ऐसी सुविधाओं में पाये जाने वाले उपकरणों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं । भारत सरकार की 2030 के भीतर सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब (ATL) स्थापित करने की योजना है ।

अटल टिंकरिंग लैब (ATL) में एक बहुत लोकप्रिय उपकरण 3D प्रिंटर है । 3D प्रिंटर एक प्रकार की मशीन है जो डिजीटल मॉडल या डिजाइन के आधार पर सामग्री को परत दर परत जमा करके त्रि–आयामी वस्तुओं (Three dimensional Objects) का निर्माण करती है । यह प्रिंटर्स प्रौद्योगिकी और वांछित आऊटपुट के आधार पर प्लास्टिक फिलामेंट, रैजिन, मैटल पाउडर्स या अन्य विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करते हैं ।

अपने शब्दों में बताएँ कि ऐसे 3D प्रिंटर का उपयोग किसी शैक्षणिक संस्थान के लिये डिजाइन, नवाचार और सोच के नजरिये से कैसे फायदेमंद हो सकता है । 4

---



ZOLLEGE

21. "Hero" video is a prominent and engaging video placed at the top of a website. It's designed to capture visitor's attention immediately, typically showcasing key messages, products, or brands stories in a visually appealing and impactful way. "Hero" company's videos are used to create a strong first impression and encourage users to explore further content on the site.

Vidico is a video production company. They incorporate Motion Graphics in the form of animated text, image and other elements to create stunning videos for other companies for promotional purpose. They took the task of creating and producing a "Hero" video for another software company, Easy Agile, in consequence "Hero" video reached four times the industry average Click-Through-Rate (CTR) on its website. It eventually won a Gold Award in the year 2022 for the Motion Graphics Category.

Briefly explain about the type of animation medium represented by the "Hero" video. What in your opinion, resulted in such a remarkable impact of the video ? **4**

22. An Atal Tinkering Lab (ATL) provides activity based learning in the identified school across the country where young minds can give shape to their ideas for Societal problems. Students can tinker with the equipments found in such facilities to learn classroom concepts in a better and effective way. Government of India has plans to install ATL's across all school, both government and private, within 2030.

One very popular instrument in the ATL is the 3D printer. A 3D printer is a type of machine that creates three dimensional objects by depositing material layer by layer based on a digital model or design. These printers use various materials such as plastic filaments, resin, metal powders, or other materials, depending on the technology and the desired output.

Explain in your own words, how using such a 3D printer can be beneficial to an educational institution, from a design, innovation and thinking perspective. **4**



ZOLLEGE